# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/9878
दिनांक : 16.10.2025


## विज्ञप्ति

कृपया पत्र संख्या परीक्षा/9826 दिनांक 17.09.2025, पत्र संख्या परीक्षा/9846 दिनांक 26.09.2025 एवं परीक्षा/डी0आर0/9865 दिनांक 10.10.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से विषम सेमेस्टर (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) पाठ्यक्रमों के विषयों के चयन हेतु दिनांक 15.10.2025 तक के लिए ऑनलाईन पोर्टल खोला गया था।

विश्वविद्यालय परिसर के कतिपय विभागों एवं महाविद्यालयों ने अन्तिम तिथि तक समस्त अध्ययनरत छात्रों के विषय अपलोड नहीं किये है। मा0 कुलपति जी द्वारा इस पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

ध्यान रहे कि ऐसे छात्र/छात्रा जिसके विषय महाविद्यालय द्वारा अपलोड नहीं किये जायेगे, वह दिनांक 17.10.2025 से खोले जा रहे विषम सेमेस्टर परीक्षा फार्म नहीं भर पायेगे। विषय अपलोड करने का एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए ऑनलाईन पोर्टल दिनांक 20.10.2025 तक खोला जा रहा है। समस्त विभागों/महाविद्यालयों से अनुरोध है कि समस्त अध्ययनरत छात्रों के विषय ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

यह भी अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षायें दिनांक 26.11.2025 से प्रारम्भ होगी। परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र ही विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

किसी भी सहायता के लिए हेल्प लाईन नम्बर 9259089985 एवं 8077113737 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. उप कुलसचिव/प्रभारी (गोपनीय)।
7. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
8. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. गार्डफाइल।

16/10

उप कुलसचिव (परीक्षा)